प्रेसनोट

दिनांक- 22.10.2026

जनपद मऊ।

मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के तहत जनपद के समस्त थानो द्वारा महिलाओं बलिकाओं एवं छात्राओं को किया जा रहा जागरुक, पंपलेट वितरित कर दी जा रही महत्वपूर्ण जानकारी -

नारी शक्ति का करें सम्मान, तभी बनेगा देश महान।"""

मिशन शक्ति 6.0 के चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा, के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों स्कूलों कालेजों एव गांवो में जाकर आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है, साथ ही पम्पलेट वितरित किया जा रहा है।

अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, महिला उत्पीड़न एवं लैंगिक अपराधों से बचाव, साइबर अपराधों के प्रति सतर्कता तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही, बालिकाओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी, बाल अधिकारों तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों तथा पुलिस सहायता सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्हें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, छेड़छाड़ अथवा असुरक्षा की स्थिति में बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करने एवं अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सहायता 112, महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध सहायता, परामर्श एवं मार्गदर्शन के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया।

जनपद मऊ पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति प्रतिबद्ध है। मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के माध्यम से महिला सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, महिलाओं में आत्मविश्वास विकसित करने तथा सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

***चाकूबाजी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार*-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्र के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दिनांक 22.10.2026 को मु0अ0स0 289/26 धारा 3(5), 118(1), 351(2), 352 से संबंधित अभियुक्तगण श्रीशान्त उर्फ कृष्ण कुमार पुत्र ओम प्रकाश निवासी सलाहाबाद गुलाम का पुरा थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ, 2.कृष्ण उर्फ शिवा पुत्र विरेन्द्र प्रताप निवासी ग्राम सलाहाबाद मोड़ थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय चालान किया गया।

सक्षिप्त विवरण - दिनांक 21 10.20206 दुर्गा प्रतिमा बिसर्जन के दौरान उपरोक्तगण व अन्य लोग साथ मिलकर पुरानी रजिंस को लेकर आपस में मार- पीट व चाकूबाजी किये थे।

पंजीकृत अभियोंग-

1.मु0अ0स0 289/26 धारा 3(5), 118(1), 351(2), 352

गिरफ्तार अभियुक्त-

1.श्रीशान्त उर्फ कृष्ण कुमार पुत्र ओम प्रकाश निवासी सलाहाबाद गुलाम का पुरा थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ।

2.कृष्ण उर्फ शिवा पुत्र विरेन्द्र प्रताप निवासी ग्राम सलाहाबाद मोड़ थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ।

गिरफ्तार का स्थान व दिनांक

दिनांक 22.10.2026

समय 08 :05

स्थान सलाहाबाद मोड़

***एससी /एसटी एक्ट के मामलें में वांछित एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार*-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्र के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा दिनांक 22.10.2026 को सरवां मोछू मोड़ के पास मु0अ0सं0 501/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/109(1)/115(2)/352/351(3)/117(2) बी0एन0एस0 व धारा 3(2)v एससी/एसटी एक्ट थाना सरायलखंसी जनपद मऊ से संबंधित वांछित रामनिवास यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी सरवां थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय चालान किया गया।

***पंजीकृत अभियोंग*-**

1. मु0अ0सं0 501/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/109(1)/115(2)/352/351(3)/117(2) बी0एन0एस0 व धारा 3(2)v एससी/एसटी एक्ट थाना सरायलखंसी जनपद मऊ।

***गिरफ्तार अभियुक्त*-**

1. रामनिवास यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी सरवां थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ।

गिरफ्तार का स्थान व दिनांक

1.दिनांक- 22.10.2026

2.समय- 09 :50 बजे

3.स्थान- सरवां मोछू मोड़ के पास

जनपद मऊ साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ितो का फ्रॉड हुआ कुल धनराशि- 99,500-/ (निन्यानवे हजार पांच सौ रुपया) पीड़ितो को वापस कराया गया

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारीगण के

कुशल नेतृत्व में **दिनांक- 22.10.2026** को पीड़ित के खाते से यूपीआई के माध्यम से आन लाइन शापिंग व अवैध लिंक भेज कर फ्राड की गयी कुल धनराशि- 99,500-/ (निन्यानवे हजार पांच सौ रुपया) MRM PORTAL के माध्यम से साइबर पुलिस टीम जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया।

***थानावार विवरण*-**

1.थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित /आवेदक 1. सुनील कुमार पुत्र सत्यनरायन सिंह निवासी बनियापार सैयद ताहिर पोस्ट सुल्तानपुर थाना घोसी जनपद मऊ का कुल धनराशि – 80,000/- रूपया 2. सुग्गन कुमार पुत्र मोतीचन्द निवासी आदमपुर ललितपुर लुदुही थाना घोसी जनपद मऊ का कुल धनराशि – 19,500/- वापस कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा OTP साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

शराब पीकर आपस में मारपीट करने वाले व उत्पाद मचाने वाले 07 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के द्वारा जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में चलाये जा रहे अभियान व अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष बसंत लाल के नेतृत्व में थाना दक्षिण टोला पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति व तलाश दबिश वांछित/वारण्टी करते हुए मुहल्ला औरंगाबाद व ग्राम रैनी से शराब पीकर उत्पाद मचाने वाले व आपस में मारपीट करने वाले 07 व्यक्तियो को शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत हिरासत में लिया गया तथा विधिक कार्यवाही अमल में लाते हुए सभी का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

गिरफ्तार व्यक्तियो का नाम पता

1. दिलीप सोनकर पुत्र बाबूलाल सोनकर
2. रवीन्द्र सोनकर पुत्र रामप्रसाद सोनकर
3. आदित्य शेखर उर्फ साजन पुत्र दिनेश सोनकर
4. नितेश सोनकर उर्फ चुलबुली पुत्र महेश सोनकर
5. साहिल सोनकर पुत्र मुसाफिर सोनकर
6. गुलशन सोनकर पुत्र रामचन्द्र सोनकर समस्त साकिनान औरंगाबाद डिहवा थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ।
7. पवन राजभर पुत्र संजय राजभर निवासी रैनी थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ।

जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, 02 वारण्टी गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में दिनांक- 22.10.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग- अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी /बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

***थानावार कार्यवाही का विवरण*-**

1.थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा वारंटी मो0 जैद पुत्र जुबैर अहमद निवासी ग्राम विश्वनाथपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ।

2.थाना मधुबन पुलिस द्वारा वारंटी अंकित उर्फ आकिस पुत्र सुभाष यादव निवासी ग्राम लिलहवा धरमपुर थाना मधुबन जनपद मऊ।

अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।